आप सभी का स्वागत है आप के अपने " **CGNAUKRI.IN** " पर इस वेबसाइट के द्वारा आप छत्तीसगढ़ में जारी होने वाले रोजगार संबंधी विज्ञापनों की पूरी और सही जानकारी प्राप्त कर सकते हैं ।




अगर आपको हमारा साथ अच्छा लगे तो आप हमारे व्हाट्सएप और टेलीग्राम ग्रुप से जुड़ सकते है ग्रुप का लिंक नीचे है |

## Whats App Group Join Link

**Join WhatsApp -** **CLICK HERE**

**Join Telegram -** **CLICK HERE**

# कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना भटगाँव, जिला–सारंगढ़–बिलाईगढ़ (छ.ग.)

icdsbhatgaonbb@gmail.com, Phone : 8109125412

क्र./ 25 /बा.वि.परि /स्था./2023–24 भटगाँव, दिनांक : 27.04.23

## आंगनबाड़ी सहायिका नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित करने की सूचना

एकीकृत बाल विकास परियोजना भटगाँव अंतर्गत 04 पद आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों के लिए योग्य इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन पत्र **दिनांक 28.04.2023 से 12.05.2023 तक** रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट से कार्यालयीन समय 10.30 से 5.30 बजे तक **परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना भटगांव** के पते पर आमंत्रित किया जाता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों को स्वीकार्य नहीं किया जायेगा। लिफाफा के ऊपर जिस पद हेतु आवेदन किया जा रहा हो उस पद का नाम लिखे।

### रिक्त पदों का विवरण

| क्र. | रिक्त आं.बा. केन्द्र/ग्राम का नाम | ग्राम पंचायत का नाम | रिक्त पद का नाम व संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | कोसमकुंडा–02 | कोसमकुंडा | आं.बा.सहायिका 01 पद |
| 2 | तिलाईपाली | तिलाईपाली | आं.बा.सहायिका 01 पद |
| 3 | पिपरभावना ते | पिपरभावना ते | आं.बा.सहायिका 01 पद |
| 4 | ओटगन | जोरा | आं.बा.सहायिका 01 पद |

### आवेदन किये जाने हेतु निम्नानुसार अर्हताएं है :–

(1) **आयु सीमा**:– आवेदिका की आयु 18 वर्ष से 44 वर्ष के मध्य होगी। आयु की गणना आवेदन आमंत्रित करने की सूचना जारी करने की तिथि से की जावेगी। सेवा की अधिकतम आयु सीमा 62 वर्ष होगी। (01 वर्ष या अधिक सेवा का अनुभव रखने वाली कार्यकर्ता/सहायिका/सह–सहायिका/संगठिका को आयु सीमा में 3 वर्ष की छुट दी जावेगी)। ऐसी कार्यकर्ता/सहायिका जिन्हें अनियमितता के कारण पूर्व में सेवा से बर्खास्त किया गया हो उन्हें दुबारा सेवा में नही लिया जायेगा। अनुभव हेतु संबंधित परियोजना अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र ही मान्य किया जायेगा।

(2) **शैक्षणिक योग्यता**:–

1. आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु 8 वीं बोर्ड उत्तीर्ण होनी चाहिए।

27/4/23

CS CamScanner

(3) **निवास प्रमाण पत्रः**— जिस ग्राम में पद रिक्त है आवेदिका उसी ग्राम की स्थानीय निवासी होनी चाहिए। आवेदन पत्र के साथ निवास के संबंध में निम्नलिखित में से कोई एक दस्तावेज संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

(क) उस ग्राम की अद्यतन मतदाता सूची में नाम दर्ज हो, आवेदन पत्र में उसके क्रमांक का उल्लेख कर प्रतिलिपि लगाई जावे।

**अथवा**

(ख) संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच तथा सचिव द्वारा जारी संयुक्त हस्ताक्षरित निवास प्रमाण पत्र ग्राम में निवास करने का मान्य किया जावेगा।

**टीपः**— यदि किसी आवेदक के निवास के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त होती है तो उस आवेदक के निवास के सत्यापन हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास संबंधी प्रमाण पत्र ही मान्य किया जावेगा ।

(4) **जाति प्रमाण पत्र** :— अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदिका हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया जाति प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

(5) गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार की महिला होने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत द्वारा जारी गरीबी रेखा के नीचे होने का प्रमाण पत्र मान्य किया जायेगा। अनुसूचित जाति/जनजाति विभाग द्वारा संचालित कन्या आश्रम में आठवीं तक अध्ययन करने पर अध्ययन का प्रमाण पत्र संलग्न करें।

(6) (क) परित्यक्ता के संबंध में निम्न में से कोई एक प्रमाण पत्र मान्य होगाः—

1. संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच तथा सचिव द्वारा जारी संयुक्त हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जावे।

**अथवा**

2. न्यायालय द्वारा जारी तत्संबंधी आदेश

(ख) तलाकशुदा महिला होने के संबंध में न्यायालयीन आदेश की प्रति प्रस्तुत करनी होगी।

(ग) यदि शासन से किसी प्रकार की आर्थिक सहायता/पेंशन प्राप्त की जा रही हो तो उसका प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत किया जा सकता है।

(घ) परित्यक्ता महिला के संबंध में दो वर्ष से अधिक की अवधि को ही मान्य किया जायेगा।

(7) यदि चयन प्रक्रिया से जुड़े जनप्रतिनिधि के सगे संबंधियों (छ.ग. पंचायत राज अधिनियम 1993 में परिभाषित अनुसार) एवं शासकीय सेवक के सगे संबंधियों द्वारा आवेदन किया गया हो तो वह चयन हेतु योग्य होंगे तथा संबंधित जनप्रतिनिधियों एवं शासकीय सेवक की जिम्मेदारी होगी की वे स्वयं को चयन प्रक्रिया से पृथक रखे एवं उन्हें पृथक रखा जावेगा ।

(8) आंगनबाड़ी सहायिका का पद पूर्णतः मानसेवी तथा अशासकीय पद है। यह पद केवल महिलाओं के लिए है। इन्हें केन्द्र शासन एवं राज्य शासन द्वारा निर्धारित मानदेय दिया जावेगा।

(9) फर्जी व असत्य जानकारी प्रस्तुत करने पर उम्मीदवारी और चयन किसी भी स्तर पर निरस्त कर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

27/4/23

CS CamScanner

(10) समस्त दस्तावेज स्व प्रमाणित कर संलग्न किया जावे।

(11) आंगनबाड़ी सहायिका पद की नियुक्ति हेतु अतिरिक्त अंक शासन/विभाग की नियुक्ति निर्देशानुसार दिया जायेगा। नियुक्ति मेरिट क्रमानुसार किया जावेगा।

(12). **आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु जिस आवेदिका के आठवी कक्षा की अंक सूची ग्रेड मे हो वे ग्रेड अंक सूची के साथ अलग से अनिवार्य रूप से अपने आठवी उत्तीर्ण स्कूल के प्रधान पाठक/प्राचार्य से आठवीं कक्षा में कुल पूर्णांक, प्राप्तांक, प्रतिशत लिखे गये प्रमाण पत्र आवेदन पत्र में संलग्न करें। संलग्न न होने पर उनके आवेदन पत्र को निरस्त किया जायेगा जिसकी जिम्मेदार संबंधित आवेदिकाओं की होंगी।**

(13). मूल आवेदन के साथ संलग्न अभिलेखों के आधार पर ही अभ्यर्थी के आवेदन पत्र का मूल्यांकन किया जायेगा। दावा आपत्ति मूल आवेदन पत्र के मूल्यांकन पर ही स्वीकार किया जावेगा। दावा आपत्ति में केवल जारी सूची पर ही दावा आपत्ति आवेदन पत्र स्वीकार किया जायेगा। दावा आपत्ति के समय किसी भी प्रकार के अन्य कोई भी नवीन दस्तावेज स्वीकार नही किया जायेगा। अतः आवेदकों को सलाह दिया जाता है कि विज्ञापन को पूरा पढ़ व समझ कर ही सावधानी पूर्वक आवेदन पत्र भरे एवं मूल आवेदन के साथ सभी आवश्यक दस्तावेज संलग्न करें।

(14). गरीबी रेखा प्रमाण पत्र संलग्न होने पर आवेदिका संबंधित गरीबी रेखा प्रमाण पत्र धारक के परिवार के सदस्य होने का राशन कार्ड अनिवार्य रूप से आवेदन पत्र में संलग्न करें।

27/4/23

( विजय प्रभात सरल )
परियोजना अधिकारी
एकीकृत बाल विकास परियोजना भटगाँव
जिला–सारंगढ़–बिलाईगढ़ (छ.ग.)

पृ. क्रमांक/ 26 /बा.वि.परि./स्था./2023–24 भटगाँव, दिनांक : 27.04.23

प्रतिलिपि :–

1. नोडल अधिकारी मबाविवि. जिला–सारंगढ़–बिलाईगढ़ की ओर सादर सूचनार्थ।
2. मा.अध्यक्ष/उपाध्यक्ष/सभापति जनपद पंचायत बिलाईगढ़ की ओर सादर सूचनार्थ।
3. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बिलाईगढ़ की ओर सादर सूचनार्थ।
4. पर्यवेक्षक/आँ.बा.कार्यकर्ता सेक्टर.............................................की ओर सूचनार्थ।
5. सरपंच/सचिव ग्राम पंचायत ........................की ओर सूचनार्थ व मुनादी कराने हेतु।
6. परियोजना कार्यालय भटगांव व जनपद पंचायत बिलाईगढ़ के सूचना पटल में चस्पा हेतु।

27/4/23

( विजय प्रभात सरल )
परियोजना अधिकारी
एकीकृत बाल विकास परियोजना भटगाँव
जिला–सारंगढ़–बिलाईगढ़ (छ.ग.)

CamScanner

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका पद हेतु आवेदन पत्र

प्रति ,

परियोजना अधिकारी
एकीकृत बाल विकास परियोजना भटगांव
जिला– सारंगढ़–बिलाईगढ़ (छ.ग.)

आवेदिका यहाँ नवीनतम स्वहस्ताक्षरित फोटो चस्पा करें

1. जिस केन्द्र के लिये आवेदन किया जा रहा है उस आंगनबाड़ी केन्द्र का नामः– ...............................

   ग्राम का नाम / वार्ड का नाम :...............................

2. ग्राम पंचायत / नगरीय निकाय का नाम :...............................

   पद जिसके लिए आवेदन किया गया है :...............................

3. आवेदिका का नाम :...............................

   पिता / पति का नाम :...............................

4. जन्म तिथि : ............................... आयु ...............................

5. जाति/वर्ग (1.सामान्य 2. अनुसूचित जाति, 3. अनुसूचित जनजाति, 4. अन्य पिछड़ा वर्ग) : ............................... वर्ग ...............................

6. विधवा/तलाकशुदा प्रमाण पत्र :...............................

7. स्थानीय निवासी संबंधी प्रमाण : मतदाता सूची कमांक ............................... सूची में नाम ...............................

   अन्य प्रमाण पत्र :...............................

**टीपः**– स्थानीय निवासी के संबंध में निम्नानुसार प्रमाण प्रस्तुत किये जा सकते है :–
(अ) उस ग्राम की अद्यतन मतदाता सूची में नाम दर्ज हो तो प्रतिलिपि अथवा
(ब) संबंधित ग्राम के सरपंच तथा सचिव द्वारा जारी संयुक्त हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र ।
**विशेषः**– यदि किसी आवेदक के निवास के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त होती है तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र ही मान्य किया जावेगा ।

8. स्थायी पता (वार्ड कमांक सहित) : ग्राम पंचायत / वार्ड क्र. ...............................

   ग्राम ...............................

   पारा ...............................

   टोला ............................... मो. नं. ...............................

9. अद्यतन गरीबी रेखा संबंधी प्रमाण पत्र : कमांक ...............................गरीबी रेखा में दर्ज नाम...............................

   दर्ज नाम वाले से आवेदिका का संबंधः...............................

(स्पष्टीकरण :– बीपीएल के संबंध में नियमानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्य कार्यापलन अधिकारी जनपद पंचायत द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।)



CS CamScanner

10. शैक्षणिक योग्यता –

(अ) आं.बा. कार्यकर्ता पद हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12 वी एवं आं.बा. सहायिका पद हेतु 8 वी उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

| क्र. | परीक्षा / कक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | बोर्ड / शाला / विश्वविद्यालय का नाम | प्राप्तांक | | प्राप्त अंकों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | प्राप्तांक | पूर्णांक | |
| 1 | | | | | | |
| 2 | | | | | | |
| 3 | | | | | | |
| 4 | | | | | | |
| 5 | | | | | | |
| 6 | | | | | | |
| 7 | | | | | | |

11 कार्यकर्ता / सहायिका / सहसहायिका होने संबंधी पद जिस पर कार्य किया गया है ..............................................
कार्य अनुभव का विवरण (मय प्रमाण पत्र)

केन्द्र का नाम :...............................................................................................

परियोजना का नाम :...............................................................................................

कार्य अवधि (वर्षो में) :...............................................................................................

**टीपः**– अनुभव हेतु कार्यकर्ता / सहायिका / सहसहायिका होने संबंधी पद पर एक वर्ष से अधिक कार्य करने पर प्रतिवर्ष 02 एवं अधिकतम 06 अंक का प्रावधान होगा। 01 वर्ष या उससे अधिक समय की सेवा का अनुभव रखने वाले सहायिका को नियुक्ति की अधिकतम आयु सीमा में 03 वर्ष की छूट दी जावेगी। 01 वर्ष से कम अनुभव के आवेदिका को आयु सीमा में छूट की पात्रता नहीं होगी। अनुभव प्रमाण पत्र केवल कार्यालय प्रमुख / परियोजना अधिकारी द्वारा जारी किया गया मान्य होगा।

12. अनुसूचित जाति / जनजाति विभाग द्वारा संचालित शाला का नाम.............................................................................
कन्या आश्रम में अध्ययन का प्रमाण पत्र .............................................................................

13 **आवेदन पत्र में संलग्न दस्तावेजों का विवरणः–**

1. बारहवी कक्षा की अंक सूची की छाया प्रति – ( )
2. दसवीं कक्षा की अंक सूची की छाया प्रति – ( )
3. आठवी कक्षा की अंक सूची की छाया प्रति – ( )
4. पुराना ग्यारहवी बोर्ड कक्षा की अंक सूची की छाया प्रति– ( )
5. निवास प्रमाण पत्र की छाया प्रति ( सरपंच / सचिव)– ( )
6. निवास प्रमाण पत्र की छाया प्रति ( तहसीलदार )– ( )
7. जाति प्रमाण पत्र की छाया प्रति ( स्थाई )– ( )
8. जाति प्रमाण पत्र की छाया प्रति ( सरपंच / सचिव )– ( )
9. मु.कार्य.अधि.द्वारा जारी गरीबी रेखा प्रमाण पत्र– ( )
10. राशन कार्ड की छाया प्रति– ( )

CS CamScanner

आप सभी का स्वागत है आप के अपने " **CGNAUKRI.IN** " पर इस वेबसाइट के द्वारा आप छत्तीसगढ़ में जारी होने वाले रोजगार संबंधी विज्ञापनों की पूरी और सही जानकारी प्राप्त कर सकते हैं ।




अगर आपको हमारा साथ अच्छा लगे तो आप हमारे व्हाट्सएप और टेलीग्राम ग्रुप से जुड़ सकते है ग्रुप का लिंक नीचे है |

## Whats App Group Join Link

Join WhatsApp - **CLICK HERE**

Join Telegram - **CLICK HERE**